मूल्य 1 रु.
वर्षः 15 - अंक : 51, मुंबई, मंगलवार, 10 जून, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

ठाणे में बड़ा हादसा

भीड़ की वजह से चलती ट्रेन से गिरे कई यात्री, चार लोगों की मौतों; छह अन्य घायल

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार सुबह भारी भीड़ की वजह से चलती ट्रेन से गिरकर कम से कम चार यात्रियों की मौत हो गई। हादसे में मृतकों का आंकड़ा बढ़ भी सकता है। हादसे में छह अन्य घायल भी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार सुबह चलती लोकल ट्रेन से गिरकर कम से कम चार यात्रियों की मौत हो गई और छह घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना दिवा और कोपर रेलवे स्टेशनों के बीच हुई, जब भीड़भाड़ वाली ट्रेन कसारा की ओर जा रही थी। उन्होंने बताया कि व्यस्त समय में बहुत भीड़ थी, इसलिए कई लोग ट्रेन के दरवाजे पर खड़े थे। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

लोकल ट्रेन दुर्घटना दुर्भाग्यपूर्णः फडणवीस

इस बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि रेलवे प्रशासन दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहा है। 'एक्स' पर एक पोस्ट में फडणवीस ने कहा, 'यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिवा-मुंब्रा स्टेशन के बीच कुल आठ यात्री लोकल ट्रेन से गिर गए और उनमें से कुछ की जान चली गई। रेलवे प्रशासन दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहा है।' उन्होंने कहा कि घायलों को तुरंत शिवाजी अस्पताल और ठाणे जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्थानीय प्रशासन समन्वय कर रहा है। उन्हें उम्मीद है कि घायल जल्द ठीक हो जाएंगे।

सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध

उन्होंने बताया कि कसारा जाने वाली लोकल ट्रेन के गार्ड ने पहली सूचना दी कि डाउन-थ्रू ट्रैक पर छह यात्री घायल अवस्था में पड़े हुए हैं। जब एंबुलेंस मौके पर पहुंची, तो पता चला कि वहां आठ यात्री थे।

अजित पवार ने दुर्घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद बताया

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने दुर्घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद बताया। उन्होंने कहा, 'कसारा से सीएसटी जाने वाली लोकल ट्रेन से गिरकर यात्रियों की मौत दुर्भाग्यपूर्ण और बेहद दुखद है। ये मौतें उपनगरीय रेलवे प्रणाली में भीड़भाड़ और यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत को उजागर करती हैं।' उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि रेलवे प्रशासन जल्द ही उपनगरीय ट्रेन सेवाओं को अधिक प्रभावी और सुरक्षित बनाने के लिए ठोस कदम उठाएगा।

मृतकों के परिजनों को मिलेंगे 5 लाख, घायलों को मुफ्त उपचार

महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने सोमवार को इस मामले में मृतकों के परिवारों को मुआवजा देने का ऐलान किया। मंत्री गिरीश महाजन ने कहा कि राज्य सरकार ठाणे जिले में मुंब्रा के निकट उपनगरीय रेल से जुड़े हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्तियों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये का मुआवजा देगी।

राहुल गांधी का बड़ा आरोप

मोदी सरकार सिर्फ प्रचार में माहिर, हादसों पर चुप्पी; जवाबदेही के नाम पर जीरो

मुंबई हलचल/संवाददाता

मुंबई। मुंबई के ठाणे जिले में एक लोकल ट्रेन हादसे में चार लोगों की मौत और छह घायल होने की खबर ने देश को झकझोर दिया है। इस दुखद घटना के बाद विपक्ष ने सरकार पर सीधा हमला बोला है। रेल हादसे को लेकर उठे सवालों के बीच विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार के 11 साल के शासन पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि न तो कोई ठोस बदलाव हुआ और न ही जवाबदेही तय हुई, सिर्फ प्रचार चलता रहता है। यह हादसा ऐसे समय हुआ है जब केंद्र सरकार अपनी 11 साल की उपलब्धियों का जश्न मना रही है और भविष्य के सपने दिखा रही है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

लोकल ट्रेनों में ऑटोमेटिक रूप से बंद होने वाले दरवाजे लगेंगे

रेलवे बोर्ड ने निर्णय लिया है कि मुंबई उपनगरीय रेलवे के अंतर्गत निर्मित प्रत्येक कोच में स्वचालित दरवाजे लगाए जाएंगे। इसके अलावा, वर्तमान में उपयोग में आने वाली मुंबई उपनगरीय लोकल ट्रेनों के कोचों को नया स्वरूप दिया जाएगा और उनमें ऑटोमेटिक दरवाजा बंद करने की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। रेलवे के सीपीआरओ स्वप्निल नीला ने यह जानकारी दी है। शुरूआत में बताया गया था कि यात्री पुष्पक एक्सप्रेस से गिरा है।

क्या मुंबई की बहनों का 'सिंदूर' जरूरी नहीं?

इस दुर्घटना के बाद मुंबईकरों में गुस्सा देखने को मिल रहा है। मुंबई और मुंबईकर भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। हर दिन लोकल ट्रेन दुर्घटनाओं में लोगों की मौत होती है। रेलवे यात्री संघ ने केंद्र सरकार से पूछा है कि क्या मुंबई की बहनों का भगवा रंग सिंदूर नहीं है? मुंबई में रेल यात्रियों की मौत का सिलसिला कब थमेगा? कहा जाता है कि पिछले 10 सालों में भारतीय रेलवे ने लंबी छलांग लगाई है। फिर मुंबई में रेल दुर्घटनाएं कम क्यों नहीं हो रही हैं? आज की घटना के बारे में हमने रेलवे को पहले ही सूचना दे दी थी।रेलवे यात्री संघ ने आरोप लगाया कि दिवा से कलवा तक भीड़ के कारण ट्रेन मोड़ पर झुक गई थी, लेकिन रेलवे ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

हमारी बात

लाइलाज हो गया नासूर?

मणिपुर की ताजा अशांति बेहद चिंताजनक है। यह प्रदेश प्रशासन और केंद्र सरकार के सामने कठिन प्रश्न खड़ा करती है। उनमें सबसे अहम यह है कि क्या उन्होंने मान लिया है कि राज्य में फैला नासूर अब लाइलाज हो गया है?

मणिपुर फिर अशांत है। हर महीने- दो महीने पर हिंसा का नए सिरे भड़क उठना वहां सामान्य परिघटना बन गई है। मगर ताजा घटनाओं में कुछ खास चिंताजनक संकेत भी छिपे हैं। इस बार गड़बड़ी अरमबई तेंगोल नाम के संगठन के कार्यकर्ता कनन सिंह और उसके चार सहयोगियों की गिरफ्तारी के बाद शुरू हुई। ये देखना महत्त्वपूर्ण है कि ये संगठन, सिंह, और उसके अन्य सहयोगी कौन हैं। पुलिस के मुताबिक सिंह पूर्व कांस्टेबल है, जो 2023 में शुरू हुई हिंसा के समय उपरोक्त संगठन बनाने में शामिल हुआ था। तब से अरमबई तेंगोल भूमिगत रहते हुए अपनी गतिविधियां चला रहा है। इस क्रम में इसने मैतेई समुदाय के अंदर कितना अधिक असर पैदा कर लिया है, उसका संकेत उसकी गिरफ्तारी के बाद पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं से मिला है। इस संगठन ने इन गिरफ्तारियों के विरोध में मणिपुर में दस दिन के बंद का आह्वान किया, जिसका इम्फाल ईस्ट और वेस्ट, काकचिंग, थौबल और बिशुनपुर जिलों में खास प्रभाव देखने को मिला है। प्रशासन को वहां मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं बंद करनी पड़ी हैं। ताजा घटना ये संकेत देती है कि मणिपुर में दो वर्ष से जारी अशांति और अराजक स्थितियों के बीच भूमिगत गतिविधियों का दायरा पसरा है। कुकी बहुल पहाड़ी इलाकों से पहले ही ऐसी खबरें आ रही थीं। अब संकेत साफ है कि मणिपुर घाटी के मैतेई बहुल इलाकों में भी ऐसा हुआ है। इन गतिविधियों का प्रभाव इस हद तक फैल गया है कि (एक भाजपा नेता के दावे के मुताबिक) खुद राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने स्वीकार किया है कि हाल में आई बाढ़ के दौरान ह्यअरमबई तेंगोल ने प्रशासन का सहयोग किया। ऐसे संगठनों का असर बढ़ना प्रशासन में आम जन का विश्वास ना रहने का संकेत होता है। अगर अपना फर्ज.निभाने के दौरान प्रशासन ऐसे संगठनों की मदद लेने लगे, तो उससे उसकी कमजोरियां जग-जाहिर होती हैं। इसीलिए ताजा घटनाएं राज्य प्रशासन और केंद्र के सामने कठिन प्रश्न खड़ा करती हैं। उनमें सबसे अहम यह है कि क्या उन्होंने मान लिया है कि मणिपुर का नासूर लाइलाज हो गया है?

कस्बा निम्बाहेडा में विगत दिनों अय्यप्पा मंदिर से हुई चोरी की वारदात का खुलासा

मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़

राजस्थान। चित्तौड़गढ़ / दिनांक 28.05.25 को प्रार्थी श्रीकुमार पिता भास्करण नायर जाति नायर उम्र 54 साल निवासी अरकिला पररूर अनाकुलम थाना चंगमनाड जिला अरनाकुलम राज्य केरल हाल वण्डर सीमेंट फैक्ट्री निम्बाहेडा, थाना कोतवाली निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ (राज.) ने एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की के अय्यप्पा मंदिर निम्बाहेडा का मैं सचिव हूं तथा अध्यक्ष अनूप वेनूगोपाल है इमरोज सुबह 6.00 बजे के लगभग अय्यप्पा मंदिर के पुजारी विपिन जोशी ने मेरे को कॉल कर बताया कि मंदिर में वाद्य यंत्र तथा मंदिर परिसर मे खूदी ट्यूबेल की मोटर केबल सेट रात्रि में अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गये है । वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण पंजिबद्व कर अनुसंधान श्री सूरज कुमार स.उ.नि. थाना कोतवाली निम्बाहेडा

के जिम्मे किया गया। सुधीर जोशी, पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले हाजा की घटना को गम्भीरता से लेते हुये शीध्र मुल्जिमान को ट्रेस आउट कर गिरफ्तार करने के निर्देश प्रदान किये जिस पर श्री बद्रीलाल राव, पुलिस उप अधीक्षक महोदय वृत निम्बाहेडा के निर्देशन में श्री रामसुमेर मीणा पु.नि. थानाधिकारी कोतवाली निम्बाहेडा जिला चित्तौडगढ द्वारा अनुसंधान अधिकारी श्री सूरज कुमार स.उ.नि. के नेतृत्व में हरविन्द्र सिंह हैड कानि, कानिस्टेबल विरेन्द्र, सुमित कुमार, शिशपाल, ज्ञानप्रकाश, हेमन्त कुमार की एक पुलिस टीम का गठन किया गया । अनुसंधान अधिकारी श्री सूरज कुमार स.उ.नि. मय टीम द्वारा आसूचना संकलन के आधार पर दिनांक 07.06.25 संदिग्ध आरोपी करण पिता रमेश चन्द्र अहीर उम्र 26 साल निवासी अजगन मण्डी (पुरानी लहसुन मण्डी नीमच) के सामने रेलवे स्टेशन रोड़ पर स्थित झुग्गी झोपड़ी, थाना नीमच केन्ट, जिला नीमच (म.प्र.) को डिटेन कर मामले हाजा की वारदात के सम्बन्ध में गहनता से पुछताछ की गई तो आरोपी द्वारा वारदात करना स्वीकार किया। अभियुक्त के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर जुर्म धारा 305(क), 305(घ), 331(4) भारतीय न्याय संहिता 2023 में जरिये फर्द गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की सूचना पर मन्दिर से चोरी किया गया वाद्य यंत्र बरामद कर जप्त किया गया। बाद तफतीश दिनांक 08.06.25 को अभियुक्त को माननीय न्यायालय मे पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया है। अभियुक्त रात्री के समय घरों में प्रवेश कर चोरी /नकबजनी करने का आदि है।

मृतक के आश्रित को सरकारी नौकरी व पचास लाख का मुआवजा दे सरकार : तोमर

मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़

राजस्थान। सवाईमाधोपुर जिले की मशहूर बंद पड़ी सीमेंट फैक्ट्री में गत दिनों शाहुननगर निवासी सुशील बाल्मिकी की फैक्ट्री गार्डों द्वारा गोली मारने से हुई हत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आज जिला कलेक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठे मृतक के परिजनों को हिन्दुस्तान शिवसेना का समर्थन मिला एक दिवसीय दौरे पर जिला न्यायालय में अपने किन्हीं प्रकरणों की पैरवी करने आए पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख एडवोकेट राजेंद्र सिंह तोमर उर्फ राजा भईया ने प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंधी जीतू भईया व अन्य पार्टी कार्यकताओं के साथ धरना स्थल पर पहुंच कर मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और उसके बाद उनके नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने राज्य के मुख्यमंत्री और राज्य अनुसूचित जाति, जनजाति अध्यक्ष के नाम जिला कलेक्टर द्वारा दो अलग अलग ज्ञापन

दिए गए, ज्ञापन लेने के जिला कलेक्टर मौजूद नहीं होने पर ज्ञापन एसडीएम अनूपसिह ने लिए। ज्ञापन में सर्वसम्मति से मृतक के आश्रितों में से एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी और पचास लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की गई है, उपरोक्त दोनों नेताओं ने बताया कि मृतक की आयु अभी मात्र, इक्कीस वर्ष ही थी। परिवार में माता पिता के अतिरिक्त पांच भाई व तीन बहने भी हैं। ज्ञापन देने के बाद एसडीएम ने सभी को जल्द उनकी बात मुख्यममंत्री तक पहुंचाने और जल्द ही नियमानुसार बनती कार्यवाही करने का आश्वाशन दिया। उसके बाद शिवसेना प्रमुख राजा भईया की समझाईस के बाद आक्रोषित लोग ने धरना खत्म कर मृतक का पोस्टमार्टम कराने और अंतिम संस्कार करने पर राजी हुए प्रकरण में थाना मानटाउन पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध हत्या एवं अनुसूचित जाति जनजाति निवारण अधिनियम की धाराओं में एफआईआर नम्बर 204/2025 पहले ही दर्ज कर ली है। धरने में मुख्य रूप से विशाल, चिनरंजी, संजय सिखरवाल, प्यारेलाल, जॉन, मुकेश, श्रीमती रिंकी, तूफान पार्षद, पूर्व सरपंच क्लोशिया तथा बाल्मिकी समाज की सैकडों महिलाएं व पुरुष मौजूद थे। उक्त जानकारी दिल्ली हाईकोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट राजेन्द्र सिंह तोमर उर्फ राजा भईया ने संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

कानपुर में मिला युवक का नग्न शव, पुलिस जांच में जुटी

कानपुर। यहां युवाओं की हत्या किए हुए शव मिलने का भी सिलसिला जारी है, जिसके क्रम में एक और अज्ञात युवक नग्न शव बरामद किया गया है, जिसकी सूचना के बाद पुलिस ने उसकी लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटना की छानबन शुरू कर दी है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। अज्ञात युवक का शो मिलने का या मामला पहले नहीं है। इसके पहले भी विभिन्न थाना क्षेत्र में भी इसी तरह के शव बरामद किए जा चुके हैं, जिनमें से कई की शिनाख्त आज तक नहीं हुई। आज सोमवार को युवक का संदिग्ध हालात में नग्न अवस्था में शव मिलने का यह मामला जाजमऊ थाना क्षेत्र से संबंधित है। जानकारी के मुताबिक मोहल्ले के लोगों ने युवक का शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। जाजमऊ थाने की पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर जांच करने पहुंची। काफी जांच-पड़ताल के बाद भी युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसीपी चकेरी अभिषेक पांडेय ने बताया कि जाजमऊ थाना क्षेत्र के असफाबाद मोहल्ले में सड़क पर एक युवक का सुबह शव नग्न अवस्था में बैठे हुए हालत में ही मिला। मोहल्ले के लोगों की सूचना पर जाजमऊ थाने की पुलिस मौके पर जांच करने पहुंची। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान पुलिस को कछ भी संदिग्ध नहीं मिला। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान मोहल्ले के लोगों ने बताया कि मृतक युवक देर रात मोहल्ले में टहलते हुए देखा गया था।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

ग्लैमर एंड लाइफस्टाइल अवॉर्ड्स 2025 शो में अरबाज खान ने विशिष्ट लोगों को किया सम्मानित

मुंबई हलचल/संवददाता

मुंबई। मुंबई में ग्लैमर एंड लाइफस्टाइल अवॉर्ड्स 2025 का शानदार आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के आयोजक कुशल एंटरटेनमेंट के फाउंडर अंजलि पटेल, मीडिया पार्टनर मुंबई रफ्तार न्यूज के सीईओ शैलेश पटेल थे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिनेता अरबाज खान ने अपने हाथों से पचास लोगों को सम्मानित किया। इस अवॉर्ड शो के विशेष अतिथि समाजसेवी रामकुमार पाल, राज काले, डॉ. मुस्तफा अली गोम, सना सुल्तान, उत्तम बाफना, ममता अकल रहे।

सांगली नगर निगम उपयुक्त वैभव साबळे रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया

सांगली महाराष्ट्र। सांगली महाराष्ट्र से ताजा खबर सांगली नगर निगम उपयुक्त वैभव साबळे रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। मिली जानकारी कुछ इस प्रकार हैं,कि सांगली में 24 मंजिला इमारत के निर्माण की अनुमति के लिए भारी रिश्वत मांगी गई। सांगली नगर निगम के उपयुक्त वैभव साबळे को 7 लाख लेते हुए गिरफ्तार किया गया। हाई प्रोफाइल मामला होने के कारण मुंबई से एंटी करप्शन ब्यूरो ने आकर कार्रवाई की। मिली जानकारी से मामला कुछ इस प्रकार हैं, कि फरियादी के अपनी कंपनी के सांगली में 24 मंजिला इमारत के निर्माण की अनुमति के लिए सांगली नगर निगम के उपयुक्त वैभव साबळे द्वारा दस लाख रुपए की रिश्वत मांगी गई थी, फिर बातचीत कर सात लाख रुपए मैं समझौता हुआ जिस की जानकारी मुंबई से एंटी करप्शन ब्यूरो को दी गई, जिस के चलते कार्रवाई कर रंगे हाथों पकड़ा गया और साबळे के खिलाफ सांगली विश्राम बाग पुलिस स्टेशन मैं भ्रष्टाचार प्रतिबन्धक अधिनियम 1988 के कलम 7 तहत मामला दर्ज किया गया। कार्रवाई पुलिस उपाधीक्षक अनिल कटके, तत्कालीन पुलिस उपाधीक्षक उमेश पाटिल, पुलिस निरीक्षक विनायक भिलारे, पुलिस निरीक्षक किशोर कुमार खाडे के पथक ने की।

लड़के लड़कियों की शादी में कतई देरी ना करें, वक्त पर शादी करना अल्लाह के रसूल हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम का फरमान

मुस्लिम समाज के बच्चे बच्चियों के मां बाप को चाहिए कि बेवजह की चॉइस और रिकवायरमेंट के चलते अपने बच्चों की जिंदगियों को तबाह ना करें ना करें जैसे की लड़का सरकारी नौकरी वाला हो और हमारे एरिया का हो हम दूर शादी नहीं करेंगे अभी लड़की पढ़ रही है यह लड़के का छोटा कारोबार है या लड़कें का बड़ा परिवार है या हमारी बिरादरी का नहीं है यह सब गैरइस्लामी तरीका है शरियत में इस तरह की कोई गुंजाइश नहीं रखी गई है इससे दूर रहे नहीं तो ज्यादा उम्र हो जाने पर बच्चों की शादी करने में बहुत ही मुश्किलात का सामना करना पड़ता है और इस दरमियान अगर बच्चों से कोई गुनाह हो जाए तो उसके सारे गुनाह का बवाल मां बाप की के ऊपर आएगा इसलिए खुदरा शरीयत के मुताबिक बच्चों की शादी करें।

पैगंबरें इस्लाम हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया की तीन कामों में देरी नहीं करना चाहिए आजान हो जाए तो नमाज पढ़ने पर अगर किसी का इंतकाल हो जाए तो उसकी नमाजे जनाजा और दफनाने पर और बच्चे जवान हो जाए तो उनकी वक्त पर शादी करने पर इन तीन चीजों पर देरी करना मना फरमाया गया है पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैह वसल्लम ने आगे फरमाया कि चार वजह से लोग शादी करते हैं लड़की लड़के वालों में मालों दौलत देखी जाती है या खूबसूरती देखी जाती है या खानदान देखा जाता या दीनदारी देखी जाती है तो तुम लोग दीनदारी इस्लामी अखलाक देखकर ही शादी करना तो कामयाब रहोगे। लड़के लड़कियों को भी चाहिए कि अपने मां-बाप की पसंद की शादी की कद्र करें और मां-बाप जहां शादी करें वहां जरूर रिश्ता करें क्योंकि मां-बाप की पसंद में अल्लाह रसूल की रहमत होती है।

- साजिद खान धनपुरी जिला शहडोल मध्य प्रदेश

(पृष्ठ 1 का समाचार)

राहुल गांधी का बड़ा आरोप

वहीं रेलवे प्रशासन ने इस हादसे के बाद सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बड़ा फैसला लिया है। जानकारी के अनुसार, मुंबई उपनगरीय क्षेत्र की सभी लोकल ट्रेनों में स्वचालित दरवाजे लगाए जाएंगे ताकि पायदान से लटकते यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। वर्तमान में उपयोग में आ रहे डिब्बों को फिर से डिजाइन कर यह सुविधा जोड़ी जाएगी। रेल मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। हादसे के बाद देश की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। विपक्ष का कहना है कि सरकार आज के मुद्दों से भाग रही है और 2047 की तस्वीरें दिखाकर असलियत छुपा रही है। रेलवे जैसी व्यवस्था, जो देश की रीढ़ मानी जाती है, अब असुरक्षा, भीड़ और अव्यवस्था का प्रतीक बन गई है। हादसे पर दुख जताते हुए कहा गया है कि जब सरकार अपनी सेवा के 11 साल पूरे होने का उत्सव मना रही है, तब देश का एक बड़ा हिस्सा रेलवे की लापरवाही का शिकार हो रहा है।

ठाणे में बड़ा हादसा

जब ट्रेन चल रही थी, तब कम से कम 10 यात्री नीचे गिर गए। उन्होंने बताया कि कसारा की ओर जा रही एक अन्य ट्रेन के गार्ड ने रेलवे अधिकारियों को घटना के बारे में सूचित किया। अधिकारी ने बताया कि गिरने वाले सभी यात्रियों को कलवा में एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया। उनमें से चार को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों की उम्र 30 से 35 वर्ष के बीच थी। सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ स्वप्निल धनराज नीला ने कहा, 'मुंब्रा से दिवा जाने वाली लोकल ट्रेन में यात्रा करने वाले आठ लोग गिर गए। कसारा जाने वाली लोकल ट्रेन के गार्ड ने सुबह करीब साढ़े नौ बजे इस घटना की सूचना दी। इन लोगों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। यह घटना डाउन/फास्ट लाइन पर मुंब्रा-दिवा रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। कसारा से लोकल ट्रेन में फुटबोर्ड पर यात्रा कर रहे लोग और इसी तरह सीएसएमटी की ओर जाने वाली ट्रेन में सवार लोग आपस में टकरा गए और गिर गए।' स्वप्निल धनराज नीला ने कहा, 'यह कोई टक्कर नहीं है। इस घटना में विपरीत दिशाओं की ट्रेनों में फुटबोर्ड पर यात्रा कर रहे यात्री आपस में टकरा गए। एक यात्री ने बताया कि यह घटना का एक संदिग्ध कारण है। दो ट्रेनों के बीच की दूरी 1.5-2 मीटर होती है, लेकिन मोड़ पर थोड़ा झुकाव होता है और यह घटना का एक अतिरिक्त कारण हो सकता है।' ठाणे से शिवसेना के लोकसभा सांसद नरेश म्हास्के ने यात्रियों की मौत की जांच की मांग की। उन्होंने एक क्षेत्रीय समाचार चैनल से कहा, 'घटना के कारणों का पता लगाया जाना चाहिए। वे कैसे गिरे... क्या वहां भीड़ थी, क्या उन्हें धक्का दिया गया, क्या कोई झगड़ा हुआ।' म्हास्के ने कहा, 'अगर भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन होती तो कोई समझ सकता था। इस मामले में यह हादसा चलती एक्सप्रेस ट्रेन में हुआ। प्रशासन को भी सतर्क रहने की जरूरत है।' इस हादसे के बाद पांच घरों के चिराग उजड़ गए। इस हादसे में स्थानीय शहाड परिसर के हनुमान नगर के निवासी 23 वर्षीय केतन दिलीप सरोज नामक युवक भी शामिल था। केतन रोज की तरह अपनी 20 हजार तनख्वाह वाली नौकरी के लिए जा रहा था। लेकिन, उसे नहीं पता था कि वो दुबारा घर लौटकर नहीं आएगा। चार महीने पहले ही केतन ठाणे की एक मार्केटिंग कंपनी में काम पर लगा था। कंपनी में उसे 20 हजार तनख्वाह की नौकरी लगी थी। केतन रोज की तरह अपनी नौकरी पर निकला था। केतन ने हमेशा की तरह सोमवार की सुबह साढ़े 8 बजे शहाड से सीएसटी जाने वाली लोकल पकड़ी। केतन सरोज ठाणे के आशर पार्क में एक मार्केटिंग कंपनी में काम करता था जहां केतन 20 हजार बतौर वेतन मिलता था। उस दिन भी केतन उसी लोकल पर सवार था, विपरीत दिशा से आने वाली दो भीड़भाड़ वाली ट्रेन के पायदान से लटका होने के कारण उसका बैग के दूसरी ट्रेन से टकरा गया और बाकी लोगों की तरह वह भी नीचे गिर गया। मृतक केतन के छोटे भाई ने बताया कि मेरे भाई की जान केवल बीस हजार के लिए चली गई। इस हादसे की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। इस घटना से तनाजी व हनुमान नगर में शोक का माहौल देखा गया। पड़ोसियों के अनुसार केतन सरोज घर में अकेला कमाने वाला था। वह अपने पीछे अपने पिता, मां, दो भाई तथा दादा दादी को छोड़ गया। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के पदाधिकारी मैनुद्दीन शेख ने बताया कि केतन बहुत ही अच्छा व होनहार युवक था। उसके चले जाने से अब उनके घर का खर्च कैसे चलेगा। उन्होंने रेल मंत्रालय से मांग है कि हादसे में अपनी जान गंवाने वाले केतन के घर में से किसी एक को नौकरी दी जानी चाहिए।

सीमाओं पर तनाव के बीच शुरू हुआ अगली पीढ़ी के अपतटीय जहाज का निर्माण

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

इस अवसर पर जीएसएल में आयोजित किए गए समारोह में मौजूद रहे उप नौसेनाप्रमुख वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर जारी तनाव के बीच अब वो दिन दूर नहीं जब नौसेना की युद्धक क्षमता में काफी इजाफा देखने को मिलेगा। जिसके पीछे की एक वजह सोमवार को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) में शुरू किया गया अगली पीढ़ी के चौथे अपतटीय जहाज यार्ड-1283 (एनजीओपीओ) के निर्माण कार्य (कील लेइंग) की शुरुआत होना है।

इस अवसर पर आयोजित किए गए समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उप-नौसेनाप्रमुख वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन शामिल हुए। उनके अलावा जीएसएल के मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) ब्रजेश कुमार उपाध्याय और नौसेना व शिपयार्ड के वरिष्ठ अधिकारी भी समारोह का हिस्सा बने। नौसेना ने 9 जून को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

3 हजार टन वजनी होगा यह जहाज

नौसेना ने कहा कि यार्ड-1283 का कुल वजन करीब 3 हजार टन है। जिसे तटीय सुरक्षा, निगरानी, खोज और बचाव अभियानों के अलावा अपतटीय संपत्तियों के संरक्षण व समुद्री डाकुओं के खिलाफ अभियानों के लिए प्रयोग किया जाएगा। इस श्रेणी के कुल 11 जहाजों के निर्माण के लिए वर्ष-2023 में 6 हजार 200 करोड़ रुपए का एक समझौता किया गया था। जिसके तहत 7 जहाजों का निर्माण जीएसएल में और 4 का निर्माण कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा किया जाना है। केंद्र सरकार के देश के आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियान के विजन को ध्यान में रखते हुए यह निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिससे नौसेना की समुद्री क्षमता में भी काफी बढ़ोतरी होगी। यहां बता दें कि ये जहाज हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में चीन की बढ़ती आक्रामकता के खिलाफ भी काफी मददगार साबित होगा।

स्वदेशी रूप से बनाया गया जहाज का डिजाइन

उधर, जीएसएल ने बताया कि जहाज के देश के अंदर डिजाइन से लेकर निर्माण में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे भारतीय नौसेना की सभी रणनीतिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा है। प्रत्येक जहाज की लंबाई 114 मीटर, बीम 14.6 मीटर है। जबकि कुल विस्थापन क्षमता 2 हजार 700 टन यानी लगभग 3 हजार टन है। जहाज में दो डीजल चालित प्रणोदन (प्रॉपल्शन) हैं। इसके अलावा यह आधुनिक स्वदेशी हथियारों और सेंसर से भी लैस होगा।

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता सराहनीय

जहाज निर्माण से जुड़े जीएसएल के शीर्ष नेतृत्व और परियोजना टीम से बातचीत में उप-नौसेनाप्रमुख वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने रक्षा मंत्रालय, नौसेना और भारतीय जहाज निर्माण उद्योग के दृढ़ समर्पण को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिहाज से बेहद सराहनीय बताया। उन्होंने नौसेना की जटिल परियोजनाओं की गुणवत्ता से लेकर कार्य की रफ्तार को लेकर संतुष्टि जाहिर की। साथ ही शिपयार्ड की नौसेना द्वारा हर निर्माण के साथ दी जाने वाली समय सीमाओं की टाइमलाइन की पूर्ति को लेकर जारी कवायद की भी प्रशंसा की। जीएसएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ब्रजेश कुमार उपाध्याय ने शिपयार्ड की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारा ध्यान स्वदेशीकरण, तकनीक को आत्मसात करने और गुणवत्ता को लागू करने पर है।

वादे बनाम हकीकतः कांग्रेस पार्टी ने कहा

केंद्र की 11 साल की उपलब्धियों का जश्न खोखला, वादों से कोसों दूर

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल के जश्न से पहले कांग्रेस पार्टी ने मोदी सरकार की कथित रूप से अब तक की विफलता पर बकायदा कलमबद्ध पुस्तिका निकाली। पार्टी के संचार विभाग के अध्यक्ष जयराम रमेश ने कटाक्ष करते हुए कहा कि बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जब सरकार की अब तक की उलब्धियों को बताने पत्रकारों के समक्ष सामने आना चाहिए था तो उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को आगे कर दिया। दूसरी ओर पत्रकारों से बातचीत करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद प्रोफेसर राजीव गौड़ा और श्रीमती महिमा सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल (मोदी 3.0) के एक साल पूरे होने और 'वादे बनाम हकीकत' थीम के तहत सरकार की नीतियों और उपलब्धियों की समीक्षा करने के लिए पत्रकारों को आमंत्रित किया। कांग्रेस नेताओं ने मोदी सरकार के पिछले 11 वर्षों के कार्यकाल को निशाना बनाते हुए दावा किया कि सरकार ने अपने वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रहे हैं। उन्होंने आर्थिक नीतियों, बेरोजगारी, महंगाई, और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसे मुद्दों पर सरकार की कमियों को उजागर करने की कोशिश की।

'जनविरोधी' नीतियां

एआईसीसी के रिसर्च डिपार्टमेंट के चेयरमैन प्रोफेसर राजीव गौड़ा ने मोदी सरकार की नीतियों को 'जनविरोधी' करार दिया और आंकड़ों के साथ तर्क दिया कि आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के दावे वास्तविकता से कोसों दूर हैं। महिमा सिंह ने सामाजिक न्याय और समावेशिता के मुद्दों पर जोर दिया, यह कहते हुए कि सरकार की नीतियां समाज के कमजोर वर्गों, जैसे किसानों, युवाओं, और महिलाओं, के हितों की अनदेखी करती हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोदी 3.0 के पहले वर्ष की विफलताओं पर प्रकाश डाला गया। नेताओं ने कहा कि सरकार ने 2024 के लोकसभा चुनावों में किए गए वादों, जैसे 'अच्छे दिन' और 'विकसित भारत', को लागू करने में कोई ठोस प्रगति नहीं दिखाई। उन्होंने हाल के ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले जैसे मुद्दों पर भी सरकार की प्रतिक्रिया की आलोचना की, यह दावा करते हुए कि सरकार ने इन मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी दिखाई। सेना के काम का राजनीतिकरण करने की कोशिश की गई।

'पहला कदम अच्छा, लेकिन वोटर लिस्ट कब तक मिलेगी'

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इलेक्शन कमीशन (ईसी) से महाराष्ट्र चुनाव की वोटर लिस्ट को लेकर सवाल पूछा है। उन्होंने कहा है कि आयोग बताए कि वोटर लिस्ट कब तक मिलेगी। दरअसल, चुनाव आयोग ने कहा है कि वह 2009 से 2024 तक की हरियाणा और महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट देगा। राहुल गांधी ने इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'चुनाव आयोग द्वारा वोटर लिस्ट सौंपने का पहला कदम अच्छा है।' राहुल गांधी ने चुनाव आयोग से अब यह पूछा है कि यह डेटा डिजिटल फॉर्मेट में कब तक मिलेगा, ताकि उसे आसानी से पढ़ा जा सके।

खबर संक्षेप

हज यात्रा के लिए कोई यूएई में प्रतिबंध नहीं

नई दिल्ली। हज के लिए सऊदी अरब जाने वाले भारतीयों पर प्रतिबंध की अटकलों को विदेश मंत्रालय ने खारिज कर दिया है। मंत्रालय के अनुसार सऊदी अरब ने ऐसी कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। देश ने पुरानी परंपरा के अनुसार हज के दौरान भीड़भाड़ को रोकने के लिए अल्पकालिक वीजा पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया है। जो हज के समापन के साथ ही समाप्त हो जाएंगे। यात्रा प्रतिबंध 30 जून तक लागू रहेगा।

आतंकी राणा परिवार से कर सकेगा बात

नई दिल्ली। 26/11 आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को अपने परिवार से फोन के जरिए एक बार बात करने की इजाजत पटियाला हाउस कोर्ट दी है।कोर्ट ने सोमवार से 10 दिनों के भीतर राणा के स्वास्थ्य पर एक नई रिपोर्ट भी मांगी है। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट के विशेष न्यायाधीश चंदर जीत सिंह ने राणा को केवल एक बार यह छूट दी। न्यायाधीश ने कहा कि यह कॉल जेल मैनुअल के अनुरूप होगी और तिहाड़ जेल प्राधिकरण की निगरानी में होगी।

तटरक्षकबल ने चालक दल के 22 में से 18 लोगों को बचाया गया, 4 लापता लोगों की तलाश जारी

आग से जूझ रहे सिंगापुर के जहाज के राहत और बचाव कार्य में जुटी नौसेना

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त ने राहत-बचाव अभियान के लिए नौसेना, तटरक्षकबल समेत सभी एजेंसियों को धन्यवाद दिया

केरल के बेपोर तट से करीब 88 नॉटिकल माइल्स की दूरी पर सिंगापुर के झंडे वाले मालवाहक जहाज एमवी वॉन हाई-503 के एक कंटेनर में सोमवार सुबह धमाकों के साथ लगी आग पर काबू पाने के लिए भारतीय नौसेना और तटरक्षकबल ने राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया है। स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। घटना के वक्त जहाज पर चालक दल कुल 22 सदस्य सवार थे। जिनमें से 18 को बचा लिया गया है। जबकि 4 लोग अभी भी लापता हैं और उनकी तलाश जारी है। कोच्चि में रक्षा प्रवक्ता ने एक्स पोस्ट में यह जानकारी देते हुए बताया कि 9 जून की सुबह करीब 10 बजकर 30 मिनट पर बेपोर से कुछ दूरी पर जहाज में आग लगने की सूचना मिली थी। जिसके बाद नौसेना ने अपने जंगी युद्धपोत आईएनएस सूरत को राहत-बचाव कार्य के लिए तुरंत रवाना किया। जबकि स्थिति का आकलन करने और राहत अभियान में समन्वय स्थापित करने के लिए बल के ही आईएनएस गरुड़ अड्डे से डॉर्नियर विमान की उड़ान भरने की योजना बनाई गई। इसके अलावा तटरक्षकबल ने घटना के बीच बचाव और नुकसान का आकलन करने के लिए डोर्नियर सहित कई परिसंपत्तियों को तैनात किया है। यहां बता दें कि एमवी वॉन हाई ने बीते 6 जून को चालक दल के 22 सदस्यों के साथ श्रीलंका के कोलंबो से मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह के लिए अपनी समुद्री यात्रा की शुरुआत की थी। लेकिन उसके बीच में केरल में ये हादसा हो गया। जहाज को 9 जून को मुंबई पहुंचना था। उधर, भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त सिमॉन वांग ने एक्स पोस्ट में नौसेना, तटरक्षकबल और अभियान में शामिल अन्य सभी एजेंसियों के प्रति आभार प्रकट किया।

मुंबई केंद्र तक पहुंची आग लगने की सूचना

नौसेना के मुंबई केंद्र को कोच्चि के जरिए इस हादसे के बारे में जानकारी मिल गई है। उधर, तटरक्षकबल ने एक बयान में बताया कि घटना की जानकारी मिलने के साथ ही उसने राहत कार्य का आगाज कर दिया था। दोपहर लगभग 12 बजकर 40 मिनट पर जहाज में मौजूद बाकी कंटेनरों में आग फैलने की सूचना मिली और उसके साथ ही चालक दल ने लाइफ जैकेटों के जरिए जहाज को छोड़ दिया। चालक दल के 22 में से जिन 18 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। उन्हें मदद पहुंचाने के लिए तटरक्षकबल के मुंबई राहत समन्वय केंद्र ने एमवी वन मार्वल को रवाना किया।

इन देशों के हैं चारों लापता लोग

बाकी बचे हुए 4 लोगों में से 2 ताइवान के हैं। जबकि 1 इंडोनेशिया और 1 म्यांमार का रहने वाला है। हादसे के वक्त से ही ये सभी लोग लापता हैं। इनकी तलाश जारी है। तटरक्षकबल का डोर्नियर विमान जहाज के ऊपर हवाई गश्त के साथ उड़ान भर रहा है और रियल टाइम विश्लेषण प्रदान कर रहा है। जहाज पानी में तैर रहा है। लेकिन उसमें मौजूद सामान (माल) की स्थिति के बारे में कोई भी जानकारी तत्काल रूप से प्रदान नहीं की जा सकती है। क्योंकि आग की स्थिति और उससे जुड़े हुआ संभावित खतरा इससे जुड़ा हुआ है। तटरक्षकबल वर्तमान में जहाजरानी महानिदेशक, राज्य प्रशासन और जहाज के मालिक के साथ उभरती हुई परिस्थिति को लेकर प्रतिक्रिया योजना के संबंध में समन्वय कर रहा है। उसकी प्राथमिकता सुविकल की इस घड़ी में चालक दल को बचाना, जहाज में लगी हुई आग को बुझाने की कवायद और आग लगने से समुद्री पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचाव करना है।

वायुसेना को मिलेंगे 3 आई-स्टार जासूसी विमान

दुश्मनों के हर मूवमेंट पर होगी 'नजर' मिलेगी ठिकानों की सटीक जानकारी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना को जल्द ही तीन अत्याधुनिक आई-स्टार जासूसी विमान (स्पाय एयरक्राफ्ट) मिलने जा रहे हैं। इस परियोजना की लागत 10,000 करोड़ रुपए की है। इसका प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय जून के चौथे हफ्ते में होने वाली उच्च स्तरीय बैठक में मंजूरी के लिए रखेगा। स्पाय एयरक्राफ्ट मिलने के बाद भारत अमेरिका, ब्रिटेन और इजराइल जैसे चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएगा, जिनके पास यह तकनीक है।

आई-स्टार स्पाय एयरक्राफ्ट की मदद से वायुसेना को दुश्मन के जमीनी ठिकानों जैसे रडार स्टेशनों, एयर डिफेंस सिस्टम और मोबाइल टारगेट्स की सटीक जानकारी मिलेगी। ये तीनों एयरक्राफ्ट विदेशी कंपनियों जैसे बोइंग और बॉम्बार्डियर से खुले टेंडर के माध्यम से खरीदे जाएंगे, लेकिन इनके अंदर लगने वाले सभी सिस्टम डीआरडीओ के सेंटर फॉर एयरबोन सिस्टम (सीएबीएस) द्वारा बनाए गए पूर्णतः स्वदेशी होंगे।

आई-स्टार का काम

आई-स्टार का पूरा नाम इंटेलिजेंस, सर्विलांस, टारगेट एक्विजिशन एंड रिकोनिसेंस है। इस विमान के निर्माण का उद्देश्य खुफिया जानकारी जुटाना, निगरानी करना, टारगेट तय करना और दुश्मन की जानकारी हासिल करना। यह सिस्टम हवाई निगरानी के जरिए जमीन पर हो रही गतिविधियों की लाइव और सटीक जानकारी देता है।

मल्टी-स्पेक्ट्रल सर्विलांस की क्षमता

आई-स्टार विमान बहुत अधिक ऊंचाई से विमान ऊंचाई से खुफिया जानकारी जुटाने, निगरानी करने, लक्ष्य पहचानने और उस पर हमले के लिए इंस्ट्रेमाल किए जाएंगे। साथ ही ये स्टैंड-ऑफ रेंज से ऑपरेट होंगे यानी सीधे युद्ध क्षेत्र में घुसे बिना ही दुश्मन की हर गतिविधि को स्कैन करेंगे। ये दिन और रात में किसी भी मौसम में काम करने में सक्षम होंगे। सिस्टम हवाई और जमीनी दोनों हिस्सों में काम करेगा, ताकि जमीनी सैन्य टुकड़ियों को रियल टाइम खुफिया जानकारी मिलती रहे। इसमें मल्टी-स्पेक्ट्रल सर्विलांस की क्षमता होगी जिससे आतंकी, घुसपैठिए और छिपे हुए दुश्मन भी पकड़ में आएंगे। इससे भारतीय सेना की सुरक्षा क्षमताओं को कई गुना बढ़ाएगा। इससे देश को समय पर खतरों की पहचान करने और उन पर जवाबी कार्रवाई करने में बड़ी मदद मिलेगी।

मेले पर रोक के बाद बहराइच में लक्कड़ शाह मजार पर चले 7 बुलडोजर, ध्वस्त, ऐक्शन के बाद पीएसी तैनात

बहराइच। यूपी के बहराइच में लक्कड़ शाह मजार को ध्वस्त कर दिया है। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के संरक्षित क्षेत्र में स्थित मजार पर सात बुलडोजर के साथ भारी पुलिस बल और वन विभागकर्मियों ने रात भर कार्रवाई की है। अतिक्रमण को हटा दिया गया है। ऐक्शन के पीएसी तैनात कर दी गई। किसी को आने जाने नहीं दिया जा रहा है। कुछ दिन पहले लक्कड़ शाह बाबा की मजार पर हर साल आयोजित किए जाने वाले एक दिवसीय मेले पर जिला प्रशासन ने रोक लगा दी थी।

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग की मुर्तिहा रेंज जंगल में स्थित हजरत सैयद हाशिम शाह उर्फ लक्कड़ शाह मजार समेत चार मजारों को ध्वस्त कर दिया गया । वन विभाग ने इसे संरक्षित क्षेत्र मानते हुए अतिक्रमण माना था। ध्वस्त किए गए मजारों में भंवर शाह, चमन शाह और शहंशाह की मजार शामिल हैं। डीएम मोनिका रानी और डीएफओ बी शिवशंकर ने यह जानकारी दी। वन विभाग और पुलिस व पीएसी की टीम ने रविवार की देर रात कार्रवाई शुरू की है। जो तड़के तक चलती रही। सात मजारों को ध्वस्त करने के लिए सात बुलडोजर लगाए गए थे। एक किलोमीटर के दायरे में आम लोगों के आने जाने पर पाबंदी है। पीएसी रास्तों पर तैनात कर दी गई है। डीएफओ बी शिवशंकर ने बताया कि वन्य जीवों के हमले की आशंका के मद्देनजर पब्लिक को उधर जाने पर रोक लगाई गई है। उधर वन विभाग ने अपनी कार्रवाई में मजारों को पूरी तरह ढहाकर समतल कर दिया है।डीएफओ ने पांच जून को बेदखली का आदेश जारी किया था। दरगाह कमेटी इसके विरोध में हाईकोर्ट का रूख किया है। मुर्तिहा कोतवाली के मुर्तिहा रेंज जंगल बीट संख्या 20, कक्ष संख्या 14 व 15 में स्थित हजरत हाशिम शाह उर्फ लक्कड़ शाह बाबा की मजार व अन्य दरगाह स्थित है। वन महकमे ने इस आरक्षित वन इलाके का क्रिटिकल टाइगर हैबीवेट करार दिया है। मुर्तिहा रेंजर की दरगाह बेदखली प्रक्रिया शुरू होने पर दरगाह कमेटी ने इसे प्राचीन वक्फ सम्पत्ति बताया था। वक्फ संख्या 108 बताकर गलत करार दिया था। लेकिन सुनवाई में कमेटी के तर्क को खारिज कर दिया गया। मामले में वक्फ बोर्ड को पक्षकार बनाने की मांग की थी। मजार व दरगाह भूमि के स्वामित्व के कागजात पेश करने का समय मांगा गया था। डीएफओ ने 6 म ई की तारिख नियत की थी। दरगाह इस तिथि को कागज पेश नही कर सकी। डीएफओ से ओर समय मांगे जाने पर नौ मई,फिर 14 मई तारिख नियत हुई।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

आरबीआई ने पिछले दिनों रेपो रेट घटाकर किया था 5.50 फीसदी

पीएनबी और बैंक ऑफ इंडिया ने सस्ते किए दर, लोन लेने वालों को बड़ी राहत

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने 6 जून को एक बड़ा फैसला लेते हुए रेपो रेट को 50 बेसिस पॉइंट कम कर दिया, जिसके बाद रेपो रेट घटकर अब 5.50 फीसदी पर आ चुका है। वहीं आरबीआई के इस फैसले के बाद बैंकों ने भी लोन पर ब्याज दर कम करना शुरू कर दिया है। पीएनबी और बैंक ऑफ इंडिया समेत कुछ बैंकों ने अपने ब्याज दर को कम कर दिया है। ऐसे में लोन लेने वालों को बड़ी राहत मिलेगी और जिनका लोन पहले से चल रहा है, उनकी भी ईएमआई कम हो जाएगी।

शनिवार को शेयर बाजार बंद होने के बाद पंजाब नेशनल बैंक और बैंक ऑफ इंडिया ने दरों में कटौती का ऐलान किया था। इससे पहले रिजर्व बैंक के ऐलान के कुछ देर बाद ही करूर वैश्य बैंक ने भी कर्ज दरों को सस्ता करने का ऐलान किया था। अगर आपने इन बैंकों से होम लोन लिया है तो आपके बैंक की ईएमआई कम हो जाएगी। करूर वैश्य बैंक और इंडियन बैंक ने भी बयाज दर घटा दिया है।

पंजाब नेशनल बैंक ने घटाया ब्याज

पंजाब नेशनल बैंक ने कहा कि रिजर्व बैंक के द्वारा रेपो दरों में कटौती के बाद बैंक ने रेपो लिंक्ड लैंडिंग रेट्स में कटौती की है और दरों को 8.85 फीसदी से घटाकर 8.35 फीसदी कर दिया है। बैंक के मुताबिक एमसीएलआर और बेस रेट्स में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरें 9 जून से लागू होंगी। शुक्रवार के कारोबार में स्टॉक एक फीसदी से ज्यादा की बढ़त के साथ 110.15 के स्तर पर बंद हुआ है।

करूर वैश्य बैंक

इससे पहले करूर वैश्य बैंक ने शुक्रवार को एमसीएलआर यानी मर्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड बेस्ड लैंडिंग रेट्स में कटौती का ऐलान किया है। बैंक की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, 6 महीने की एमसीएलआर और 12 महीने की एमसीएलआर में कटौती की गई है।

जानकारी के मुताबिक, 6 महीने की एमसीएलआर को 9.9 फीसदी से घटाकर 9.8 फीसदी कर दिया गया है। जबकि 1 साल के एमसीएलआर को 10 फीसदी से घटाकर 9.8 फीसदी किया गया है।

बैंक ऑफ इंडिया के ब्याज दर

वहीं बैंक ऑफ इंडिया ने शेयर बाजार को जानकारी दी है कि रेपो दरों में कटौती के साथ रेपो बेस्ड लैंडिंग रेट्स में 6 जून से बदलाव किए गए हैं। कटौती के बाद आरबीएलआर 8.85 फीसदी से घटकर 8.35 फीसदी कर दी गई है। शुक्रवार को स्टॉक में हल्की बढ़त देखने को मिली और स्टॉक 124.3 के स्तर पर बंद हुआ।

इंडियन बैंक ने भी घटाया ब्याज

इंडियन बैंक ने बताया कि मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी के द्वारा पॉलिसी रेपो रेट में आधा फीसदी की कटौती को देखते हुए बैंक ने रेपो बेंचमार्क रेट्स में संशोधन किया है। रेपो लिंक्ड बेंचमार्क लैंडिंग रेट्स 8.7 फीसदी से घटकर 8.2 फीसदी किए गए हैं। नई दरें 9 जून 2025 से लागू होंगी।

सोनम ने ही करवाई थी पति राजा रघुवंशी की हत्या, पुलिस ने किया चौंकाने वाले खुलासा

गाजीपुर। इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में मेघायल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पत्नी सोनम रघुवंशी अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सोनम को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर से गिराफ्तार किया गया है। सोनम के अलावा तीन और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मेघायल पुलिस ने केस को लेकर बड़े खुलासे किए हैं। मेघालय के डीजीपी आई नोंग्रांग ने बताया कि राजा रघुवंशी की हत्या के लिए किलर हायर किए गए थे। पुलिस को शक है कि इसमें सोनम का हाथ हो सकता है। इंदौर के राजा रघुवंशी की शादी 11 मई को सोनम रघुवंशी से हुए थी। दोनों मनीमून मनाने के लिए मेघालय गए थे। यहां शादी शुदा जोड़ा अचानक गायब हो गया था। इसके बाद राजा रघुवंशी का शव पहाड़ी के नीचे मिला था। वहीं सोनम लापता थी। मेघायल पुलिस 18 दिन से लगातार सोनम की तलाश में जुटी थी। डीजीपी नोंग्रांग ने सोनम की गिरफ्तारी के बाद कहा कि एक आरोपी को

उत्तर प्रदेश से पकड़ा गया, जबकि दो अन्य लोगों को एसआईटी ने इंदौर से पकड़ा। उन्होंने आगे कहा कि सोनम ने उत्तर प्रदेश के नंदगंज पुलिस स्टेशन में आत्मसमर्पण किया और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड ने भी किया ट्वीट : सोनम की गिरफ्तारी के बाद मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि इंदौर के राजा हत्याकांड में मेघालय पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मध्य प्रदेश के तीन हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया गया है, महिला ने आत्मसमर्पण कर दिया है और एक अन्य हमलावर की गिरफ्तारी की कोशिश अभी जारी है।

क्या है पूरा मामला? : राजा रघुवंशी की शादी 11 मई को सोनम रघुवंशी से हुई थी। इसके बाद शादीशुदा हनीमून मनाने के लिए 20 मई को मेघालय गया था। यहां 23 मई को दोनों अचानक गायब हो गए थे। इसके 24 मई को एक टूर गाइड को इनकी स्कूटी लावारिश हालत में मिली और उसने पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने इलाके की छानबीन की लेकिन उन्हें वहां कुछ नहीं मिला।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

फेस पैक लगाने का तरीका...

हर कोई अपनी त्वचा को सुंदर बनाने के लिए कई तरह के मार्किट से मिलने वाले और कुछ घरेलू फेस मास्क और फेस पैक का इस्तेमाल करता हैं लेकिन मास्क का सही असर पाने के लिए इसे सही तरीके से लगाना बहुत जरूरी हैं। कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए।

➢ *अगर आप घर में बना फेस मास्क यूज कर रहे है तो हर बार ताजे पानी का इस्तेमाल करें। यदि आप बाजार से खरीदा उत्पाद प्रयोग कर रही है तो अपने फेस मास्क लगाने वाला ब्रश, रूई के फाहे और मुंह पोछने का कपड़ा साथ रखें।*

➢ *मास्क लगाने से पहले चेहरे को अच्छी तरह से धो कर साफ कर लें। इसके बाद अपनी त्वचा को स्क्रब की मदद से साफ करें। इससे त्वचा की मृत कोशिकाएं हट जाती हैं और मास्क अच्छी तरह से अवशोषित होता है।*

➢ *अपने चेहरे को 2 मिनट के लिए भाप दे, जिससे रोम छिद्र खुल जाएंगे। भाप देने के लिए साफ-सुथरे कपड़े को गर्म पानी में भिगोकर चेहरे को तब तक ढक ले, जब तक ठंडा न हो जाए।*

➢ *अब ब्रश की मदद से फेस मास्क को चेहरे पर लगाएं। यदि आपके पास ब्रश न हो तो मास्क को हाथों से लगाने से पूर्व उन्हें अच्छी तरह से धो कर सुखा लें।*

➢ *मास्क लगाने के बाद खीरे या आलू के टुकड़ों को आंखों पर रखें ताकि इनको शांति मिल सकें।*

क्या आपका बच्चा भी बिस्तर गीला करता है?

बिस्तर गीला करना यानि पेशाब करना, यह समस्या बच्चों में आम देखी जाती हैं। अगर इस आदत पर ज्यादा ध्यान ना दिया जाए तो यह आदत आगे जाकर बच्चों के लिए समस्या बन सकती हैं। कई मां-बाप ऐसे होते हैं जो बच्चो को बिस्तर गीला करने पर डांटते हैं या फिर मारते हैं लेकिन यह ठीक नहीं हैं। आपके ऐसा करने पर बच्चे का आत्मविश्वास कमजोर होता है लेकिन ऐसा क्या करें जिससे बच्चा बिस्तर गीला करना बंद कर दें। आप इसके लिए कुछ घरेलू उपाय भी अपना सकते हैं।

गुड और तिलः बच्चों को गुड और तिल के लड्डु का सेवन कराने से उनकी बिस्तर पर पेशाब करने की आदत धीरे-धीरे छुट जाती है।

अखरोट और किशमिशः एक अखरोट की गिरी और 5 ग्राम किशमिश दोनों को मिला लें और बच्चो को लगभग 10 दिन तक इसका सेवन कराएं। यह काफी असरदार उपाय है।

जामुन की गुटलीः एक चम्मच जामुन की गुटली के पाऊडर में एक चम्मच चीनी मिला लें और दिन में एक बार गुनगुने पानी के साथ बच्चे को इसका सेवन कराएं।

आंवला और जीराः एक सूखा आंवला और जीरे का पाऊडर बना लें। दिन में दो बार इस बने मिश्रण को बच्चे को शहद के साथ चाटने को दें।

छुआरा और दूधः रात को सोने से पहले बच्चे को दूध के साथ छुआरा खाने को दें। इससे बच्चे का बिस्तर गीला करना काफी हद तक कम हो जाता है।

ध्यान रखें ये बातें

बच्चों को सोने से पहले अधिक पानी न पीने दें। चाय, कॉफी एवं ज्यूस न दें। बच्चों को पेशाब कर के सुलाएं। इसके अलावा रात में एक या दो बार उठाकर उन्हें पेशाब करवाएं।

लड़कियों की ये बातें लड़कों को दिलाती हैं गुस्सा

जमाना काफी मॉडर्न हो गया है। इस जमाने में लड़का-लड़की का गर्लफ्रैंड-ब्वॉयफ्रैंड होना कोई चौकाने वाली बात नहीं है। धीरे-धीरे दोस्ती प्यार में बदल जाती हैं और फिर बात शादी तक पहुंच जाती हैं लेकिन हर केस में ऐसा नहीं होता। कुछ रिश्ते जल्दी टूट जाते हैं, जिसका कारण पार्टनर का आपस में तालमेल ना होना है। कई बार लड़के को लड़की खूबसूरत तो लगती है लेकिन उसकी आदतें और बातें उन्हें पसंद नहीं आती । नतीजा धीरे-धीरे रिश्ते में दूरियां आने लगती हैं। अंत दोनों का रिलैशन टूट जाता है। अगर आप भी अपने ब्वॉयफ्रैंड से रोजाना ऐसी ही बातें दोहराती हैं तो जरा सतर्क हो जाएं।

1. सही तरह से ना बात करना
2. किसी और से नजदीकी बढ़ाना
3. बिना बात के झगड़ा
4. बातों पर रूचि न रखना
5. फ्रिक न करना

बाल चाहिए लंबे तो लगाएं प्याज का हेयर मास्क

ज्यादातर लड़कियां अपने बालों को लेकर परेशान रहती हैं। वह अपने बालों को लंबा करने के लिए न जाने कितने हेयर टिप्स को अपनाती हैं लेकिन फिर भी उन्हें कोई फर्क नजर नहीं आता। आज हम आपको प्याज के हेयर मास्क के बारे में बताएंगे जो आपके बालों को सिर्फ लंबा ही नहीं बल्कि शाइनी और मजबूती भी देगा।



कैसे बनाएं हेयर मास्क

जरूरी सामान

➢ 1 बड़ा प्याज
➢2 चम्मच शहद
➢2 चम्मच आंवला पाऊडर
➢ 2 चम्मच जैतून का तेल
- 1/4 चम्मच काली मिर्च पाऊडर

बनाने का तरीका

➢ सबसे पहले प्याज को मिक्सी में ग्राइंड कर लें फिर एक छन्नी की मदद से प्याज का सारा रस एक कटोरे में निकाल लें।

➢ इसके बाद प्याज के रस में शहद, आंवला पाऊडर, जैतून का तेल, और काली मिर्च के पाऊडर को डाल लें और अच्छे से इसे मिक्स करके पेस्ट तैयार कर लें।

➢ इस बने हेयर मास्क को अपने बालों पर लगाएं और एक घंटे के बाद बालों को पानी से धो लें।

चुप रहने से भी आती है रिश्तों में दूरी...

शहद सा मीठा और इमली सा खट्टा होता है पति-पत्नी का रिश्ता, कभी प्यार भरी बातें, मान मनुहार तो कभी नोक झोंक, फिर भी कभी-कभी प्यार भरे इस रिश्ते में ऐसा मौन छा जाता है कि समझ में ही नहीं आता कि इसे तोड़ा कैसे जाए। वास्तव में नोक-झोंक कई बार उस मोड़ पर आ खड़ी होती है कि दोनों में बातचीत बंद हो जाती है, भले ही इसका कारण कई बार बहुत छोटा-सा होता है, फिर भी लंबे समय तक की खामोशी इस रिश्ते में कड़वाहट ला कर उसे तोड़ देने के लिए काफी होती है। यदि संबंधों में आई उस कड़वाहट, संवादहीनता और मौन को समय रहते दूर कर लिया जाए तो परिवार के बिखराव का डर नहीं रहता। यदि पति पत्नी में से एक शांत और दूसरा तेज स्वभाव वाला हो तो दोनों के बीच संतुलन बना रह सकता है, परंतु यदि दोनों ही स्वभाव से तेज एवं गुस्से वाले हों तो वैचारिक टकराव के साथ-साथ शाब्दिक टकाराव भी उठ खड़ा होता है, जो कि कई बार लंबे मौन का रूप तैयार कर लेता है।

मौन का कारण

आमतौर पर पति पत्नी के बीच कुछ ऐसी बातें हर घर में हो जाती हैं, जो कि संबंधों में मौन का कारण बन जाती हैं, जिन्हें समय रहते ही दूर कर लिया जाना बेहद जरूरी है।

निशाना दूसरे क्यों

अक्सर पति पत्नी आपसी मन मुटाव का शिकार एक दूसरे के परिवार के सदस्यों को बना लेते हैं और अपने दिल की भड़ास एक-दूसरे के परिवार के सदस्यों के विरोध में बोल कर निकालते हैं। यह एक ऐसा मुद्दा है, जो कि बात को शांत करने की अपनेक्षा और ज्यादा बढ़ा देता है और एक की कही बात दूसरे के दिल में कहीं गहरे तक जा कर चोट करती है। अतः लड़ते समय या बहस के दौरान आप दूसरों को निशाना ना बनाएं, क्योंकि वास्तव में वे तो आपके मुटाव में कहीं शामिल भी नहीं होते।

अहं बने कारण

पति-पत्नी के बीच जब किसी भी चीज को ले कर अहं भाव का आ जाता है, तो फिर वह प्यार की सीमा लांघ कर अहंकार बन जाता है। ऐसे में कई बार पति या पत्नी दूसरों के सामने भी एक दूसरे का अपमान कर देते हैं, जिससे कि दूसरे के स्वाभिमान को ठेस लगना स्वाभाविक सी बात है। ध्यान रखें कि पति पत्नी के संबंधों में अहंकार नहीं, बल्कि स्वाभिमान होना चाहिए।

दोस्त बनें दीवार

पति-पत्नी का एक दूसरे के उन दोस्तों एवं सहेलियों को ले कर विवाद होना बेहद आम सी बात है, परंतु हर समय इस टॉपिक पर सामने वाले को टोकना या नीचा दिखाना पारिवारिक माहौल को खराब कर देता हैं, सो बेहतर है कि अपने रिश्ते को बचाए रखने के लिए वे अपने दोस्तों को कम तरजीह दें क्योंकि परिवार की शांति से बढ़ कर कुछ नहीं होता। यदि आप की मित्र मंडली आपके वैवाहिक जीवन में जहर घोल रही है, तो दोस्तों को एक सीमा तक ही महत्व देना सही रहेगा।

निर्णय लादना

पति-पत्नी होने के बावजूद भी हर किसी का अपना व्यक्तित्व है, सो किसी भी बात को ले कर एक दूसरे पर अपना ही निर्णय थोपने का प्रयास न करें, क्योंकि हर कोई अपने जीवन को अपने ढंग से जीना चाहता है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

ईशान की 'द रॉयल्स' ने मारी बाजी

बॉलीवुड एक्टर ईशान खट्टर इन दिनों अपनी वेब सीरीज द रॉयल्स को लेकर खूब सुर्खियों में हैं। 9 मई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस सीरीज में ईशान ने अविराज नाम का किरदार निभाया है, जिसे दर्शकों ने काफी सराहा है। उनका यह किरदार अलग रंग-रूप और अंदाज में नजर आया है, जिसने फैंस को चौंकाने के साथ ही उनका दिल भी जीत लिया। दरअसल, हाल ही में ईशान ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि इस किरदार को निभाना उनके लिए एक यादगार अनुभव रहा। मीडिया से खास बातचीत में उन्होंने खुलासा किया कि इस वेब सीरीज की स्क्रिप्ट उन्होंने महज डेढ़ दिन में पढ़कर खत्म कर दी थी। उन्होंने कहा, मैंने अब तक जितनी स्क्रिप्ट पढ़ी हैं, उनमें से यह सबसे तेजी से पढ़ी गई स्क्रिप्ट रही। मुझे एक साथ 6 से 8 एपिसोड की स्क्रिप्ट मिली थी और छुट्टियों के दिन में पढ़ना शुरू किया और डेढ़ दिन में पूरा खत्म भी कर लिया। ईशान ने बताया कि जैसे-जैसे उन्होंने स्क्रिप्ट पढ़ी, उन्हें अपने किरदार अविराज से गहरा जुड़ाव महसूस होने लगा। उन्होंने कहा, अविराज जैसा रोल मैंने पहले कभी नहीं निभाया था। जैसे-जैसे मैं आगे बढ़ता गया, मुझे महसूस हुआ कि यह मौका कुछ नया और हटके करने का है। इसीलिए मैंने पूरी ताकत से इस किरदार में खुद को झोंक दिया। द रॉयल्स में दर्शकों को कॉमेडी, ड्रामा और ग्लैमर का जबरदस्त मेल देखने को मिलता है। सीरीज की कहानी शाही अंदाज और मॉडर्न ट्विस्ट के बीच घूमती है, जहां हर किरदार में एक अलग परत छिपी है। ईशान के साथ इसमें भूमि पेडनेकर उनकी लव इंटरेस्ट के रूप में नजर आती हैं। इसके अलावा जीनत अमान, नोरा फतेही, डिनो मोरिया, साक्षी तंवर और चंकी पांडे जैसे मंझे हुए कलाकार भी इस सीरीज का हिस्सा हैं।

दीपिका की वर्किंग ऑवर्स डिमांड पर नेहा का रिएक्शन

बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण बीते कुछ समय से फिल्म स्पिरिट को लेकर सुर्खियों में बनी हुई थीं। लेकिन इस बार चर्चा उनके अभिनय या लुक को लेकर नहीं, बल्कि वर्क-लाइफ बैलेंस को लेकर थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका ने इस फिल्म के लिए लिमिटेड वर्किंग ऑवर्स की मांग की थी, जिसे लेकर खूब विवाद हुआ। हालांकि अब धीरे-धीरे इंडस्ट्री के कई नामी चेहरे उनके समर्थन में सामने आ रहे हैं। दरअसल, हाल ही में एक्ट्रेस नेहा धूपिया ने दीपिका का सपोर्ट करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए अपना पक्ष रखा। उन्होंने लिखा, वर्क-लाइफ बैलेंस की बातें करना काफी नहीं है, हमें खासकर न्यू मॉम्स को प्रैक्टिकल सपोर्ट और समझ की जरूरत होती है। अक्सर हमें या तो शर्मिंदा किया जाता है या किनारे कर दिया जाता है। एक वर्किंग मां होने के नाते, मैं दीपिका की लिमिटेड वर्किंग ऑवर्स की मांग का पूरा समर्थन करती हूं। नेहा से पहले दिग्गज फिल्ममेकर मणिरत्नम ने भी दीपिका की इस मांग को सही ठहराया था। उन्होंने कहा था, मुझे लगता है ये मांग न सिर्फ जायज है, बल्कि जरूरी भी है। एक फिल्ममेकर के तौर पर, जब आप किसी कलाकार को कास्ट करते हैं, तो आपको उनकी प्राथमिकताओं और सीमाओं को समझना चाहिए। दीपिका का ये स्टैंड बिलकुल सही दिशा में उठाया गया कदम है। इस पूरे मामले की शुरूआत तब हुई जब दीपिका पादुकोण संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट का हिस्सा बनीं।

ABVM AGRAWAL JATIYA KOSH'S GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE
Estd. - 2014

G.D. JALAN COLLEGE
Affiliated to University of Mumbai & M.S. Board
(MARWARI MINORITY) NAAC Accredited with B+ Grade, ISO 9001 : 2015 CERTIFIED COLLEGE
College Code : 527
Junior College
F.Y.J.C/ S.Y.J.C (Science & Commerce)
Degree College
B. Com • B.A.F • B.Sc.I.T • B.M.S • B.Sc
ADMISSIONS OPEN
Contact Number : 9326346900 / 9326335467
Upper Govind Nagar, Malad (East)